ई-न्यूज
# 24 न्यूज अपडेट
WebSite.: https://24newsupdate.in
उदयपुर, शनिवार 29 मार्च 2025
Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com
वर्ष 2 अंक 12


# महाराणा प्रताप की कर्मभूमि पर बही भगवा सरिता, भारत माता के जयघोष से गूंजा उदयपुर



उदयपुर, 29 मार्च। भारतीय नववर्ष के पावन अवसर पर शनिवार को वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की कर्मभूमि उदयपुर में भारतीय नववर्ष समाजोत्सव समिति के तत्वावधान में भव्य भगवा रैली का आयोजन हुआ। हजारों युवाओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी से पूरा शहर राष्ट्रभक्ति और सांस्कृतिक चेतना के रंग में रंग गया। भारतीय नववर्ष समाजोत्सव समिति के संयोजक डॉ. परमवीर सिंह दुलावत ने बताया कि युवा भगवा रैली का शुभारंभ फतह स्कूल से हुआ। बेणेश्वर धाम के पीठाधीश अच्युतानंद महाराज, संत समाज के राष्ट्रीय प्रवक्ता गुलाब दास महाराज एवं महंत इंद्रदेव दास महाराज ने भगवा पताका फहराकर रैली को रवाना किया। इससे पूर्व, युवाओं की टोलियां अपने-अपने क्षेत्रों से छोटी-छोटी रैलियों के रूप में फतह स्कूल पहुंचीं। उदयसागर चौराहा, ढीकली, नाई, उमरड़ा, वरड़ा, देबारी, तितरड़ी, डाकन कोटड़ा, बलीचा, ईसवाल, कविता गांव सहित शहर के विभिन्न कोनों से निकली ये रैलियां जब फतह स्कूल में संगम बनीं, तो मानो एक विराट भगवा धारा प्रवाहित हो रही हो।

### शहर के हृदयस्थलों से गुजरी भगवा धारा

रैली ने सूरजपोल, बापू बाजार, देहलीगेट, हाथीपोल, चेतक सर्कल, लोक कला मंडल, मीरा कन्या महाविद्यालय, कोर्ट चौराहा, शास्त्री सर्कल और शक्तिनगर होते हुए टाउन हॉल तक अपनी भव्यता को साकार किया। मार्ग के दोनों ओर खड़े नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर प्रतिभागियों का स्वागत किया। समाजों, संगठनों और व्यापारिक संस्थाओं ने भी विभिन्न स्थानों पर रैली का अभिनंदन किया। युवाओं के हाथों में लहराते भगवा ध्वज और गूंजते जयघोष माहौल को ओजस्वी बना रहे थे।

### 30 मार्च को भव्य शोभायात्रा और भजन संध्या

चैत्र शुक्ल प्रतिपदा संवत 2082 के उपलक्ष्य में 30 मार्च, रविवार को भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी।

**समय व स्थान**: दोपहर 3 बजे गांधी ग्राउंड से प्रारंभ होगी

**मार्ग**: हाथीपोल, देहलीगेट, बापू बाजार, सूरजपोल होते हुए नगर निगम प्रांगण तक पहुंचेगी

**विशेष आकर्षण**: मातृशक्ति मंगल कलश धारण कर मंगलाचरण गाएंगी झांकियां, अखाड़े, धार्मिक ध्वज, ढोल-नगाड़े और विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियां शामिल होंगी

**भजन संध्या**: सायं 7 बजे से नगर निगम प्रांगण में भव्य भजन संध्या का आयोजन होगा

प्रसिद्ध भजन गायक प्रकाश माली अपनी मधुर प्रस्तुतियां देंगे मुख्य आयोजन में गोपाल पुरुषोत्तम आश्रम (बड़ीसादड़ी) के पीठाधीश सुदर्शनाचार्य महाराज तथा मांकड़ादेव धाम (झाड़ोल) के गुलाबदास महाराज का सान्निध्य प्राप्त होगा

भारत माता की जय, जय श्री राम, वंदे मातरम् जैसे उद्घोषों से संपूर्ण नगर राष्ट्रभक्ति के भाव में डूब गया।

### टाउन हॉल में हुआ समापन, संतों का आशीर्वचन

रैली का समापन टाउन हॉल में हुआ, जहां यह विशाल सभा में परिवर्तित हो गई। इस अवसर पर बेणेश्वर धाम के पीठाधीश अच्युतानंद महाराज ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया। उन्होंने भारतीय संस्कृति, राष्ट्रप्रेम और नववर्ष की गौरवशाली परंपरा पर विचार रखे।

# 8वें वेतन आयोग से पहले बड़ी सौगात:सरकार ने बढ़ाया केंद्रीय कर्मचारियों का महंगाई भत्ता, 1 करोड़ 15 लाख लोगों को होगा फायदा



सरकार ने केंद्रीय कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ते (DA) और पेंशनभोगियों के लिए महंगाई राहत (DR) में 2% की बढ़ोतरी को मंजूरी दे दी है। शुक्रवार (28 मार्च) को हुई कैबिनेट मीटिंग में DA बढ़ोतरी पर फैसला हुआ। इससे पहले जुलाई 2024 में सरकार ने 3% बढ़ोतरी की थी। 8वें वेतन आयोग के लागू होने से पहले इस बढ़ोतरी से महंगाई भत्ता 53% से बढ़कर 55% हो जाएगा। इसका फायदा करीब 48 लाख केंद्रीय कर्मचारियों और 66 लाख पेंशनर्स को होगा। यह बढ़ोतरी 1 जनवरी 2025 से लागू होगी। डीए की घोषणा में देरी हुई इसलिए अप्रैल के वेतन में पिछले तीन महीनों (जनवरी-मार्च 2025) के एरियर के साथ बढ़ा हुआ डीए भी शामिल होगा।

### महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी 7 साल में सबसे कम

आमतौर पर महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी 3% से 4% के बीच होती है, लेकिन इस बार बढ़ोतरी सिर्फ़ 2% है। ये पिछले सात सालों में सबसे कम है। वहीं सरकार आम तौर पर होली और दिवाली जैसे बड़े त्योहारों से पहले बढ़ोतरी की घोषणा करती है। इस बार घोषणा होली के बाद की गई।

### महंगाई से निपटने के लिए दिया जाता है DA

महंगाई बढ़ने के बावजूद सरकारी कर्मचारियों और पेंशनधारकों के जीवन स्तर को बनाए रखने के लिए महंगाई भत्ता यानी, DA दिया जाता है। DA की दरें ऑल इंडिया कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स (AICPI) के आधार पर तय होती हैं, और यह हर 6 महीने में अपडेट होती है।

### ऑल इंडिया कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स क्या है?

भारत में दो तरह की महंगाई होती है। एक रिटेल यानी खुदरा और दूसरा थोक महंगाई। रिटेल महंगाई दर आम ग्राहकों की तरफ से दी जाने वाली कीमतों पर आधारित होती है। इसको कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स (CPI) भी कहते हैं।

## SC जस्टिस नाथ बोले-नदियों की हालत देख चिंता होती है:दिल्ली पॉल्यूशन पर कहा- बच्चे बाहर खेलने के लिए भी मास्क लगाएं, ये मंजूर नहीं



सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस विक्रम नाथ ने कहा कि देश की नदियां देखकर चिंता होती है। वे गंदगी से भरी पड़ी हैं। मैं जब इन नदियों के किनारों को देखता हूं, तो मुझे पुरानी बातें याद आती हैं। ये पानी कभी कितना जीवंत और शुद्ध था। हम इनका गौरव बचाने में असमर्थ हैं, ये चिंता का विषय है।

उन्होंने कहा- दिल्ली में पॉल्यूशन का लेवल हररोज हाई होता है। हम सभी का मानना है कि हमारे बच्चों का ऐसे वातावरण में बड़ा होना कतई मंजूर नहीं, जहां उन्हें बाहर खेलने के लिए भी मास्क की जरूरत, कम उम्र में सांस संबंधी बीमारियों की चिंता हो।

शनिवार को जस्टिस नाथ दिल्ली में विज्ञान भवन में पर्यावरण पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन - 2025 के उद्घाटन कार्यक्रम में पहुंचे थे। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राष्ट्रपति द्रौपदी थीं। कार्यक्रम में देश के अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी भी मौजूद थे।

## साल का पहला सूर्यग्रहण खत्म:अमेरिका और यूरोप में आया नजर, भारत पर कोई असर नहीं



आज यानी शनिवार को साल का पहला सूर्य ग्रहण लगा। यह आंशिक सूर्य ग्रहण था। पूर्ण सूर्यग्रहण के उलट आंशिक ग्रहण में सूरज का एक हिस्सा दिखाई देता है और आकाश में अर्धचंद्राकार आकृति बनती है। सूर्य ग्रहण नॉर्थ-वेस्ट अफ्रीका, नार्थ अमेरिका, दक्षिण अमेरिका, यूरोप, नॉर्थ रूस, नॉर्थ पोल, आर्कटिक महासागर और अटलांटिक महासागर में दिखाई दिया। ग्रहण भारतीय समय अनुसार दोपहर 2.21 बजे शुरू होकर शाम 6.14 बजे खत्म हो गया। ये ग्रहण भारत में नहीं दिखाई दिया, इस वजह से यहां सूतक नहीं है।

# पत्नी को चाकू मारकर सूटकेस में पैक किया:फोरेंसिक रिपोर्ट में दावा- जिंदा थी; खुद सुसाइड की कोशिश की, पत्नी के भाई को फोन कर बताया



24 न्यूज अपडेट

26 मार्च को बेंगलुरु में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की हत्या करके उसे सूटकेस में पैक कर दिया था। मामले में सामने आया है कि आरोपी पति राकेश खेडेकर ने पत्नी गौरी अनिल सम्ब्रेकर को चाकू मारने के बाद जिंदा ही सूटकेस में पैक कर दिया था।

फोरेंसिक जांच में सूटकेस में काफी मात्रा में बलगम मिला। बलगम तभी निकलता है जब इंसान जिंदा हो। फोरेंसिक टीम ने बताया- गौरी की मौत सूटकेस के अंदर हुई थी। उसके शरीर पर चोट के भी निशान थे।

राकेश पत्नी की हत्या करने के बाद भागकर पुणे चला गया था। वहां पत्नी के भाई को फोन करके हत्या की जानकारी दी थी। 27 मार्च की शाम को पुलिस ने उसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था।

### परिवार के मर्जी के खिलाफ शादी की थी

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक राकेश और गौरी महाराष्ट्र के रहने वाले थे। गौरी राकेश की फूफेरी बहन थी। उसने राकेश के घर में रहकर ही अपनी पढ़ाई की थी। इसी दौरान दोनों को प्यार हुआ था। वे चार साल तक लिव-इन में भी रहे थे। दो साल पहले परिवार की मर्जी के खिलाफ उन्होंने शादी की थी।

### राकेश और गौरी में मामूली झगड़ा हुआ था

26 मार्च को राकेश और गौरी के बीच झगड़ा हुआ था। राकेश ने गौरी को थप्पड़ मारा। इसके जवाब में गौरी ने उस पर चाकू फेंक दिया, जिससे उसे मामूली चोट आई। इसके बाद राकेश ने गुस्से में उसी चाकू से पत्नी के गले पर दो बार और पेट पर एक बार वार किया।

इसके बाद राकेश ने गौरी को मरा हुआ समझकर ट्रॉली बैग में पैक कर दिया। उसने सूटकेस अपने साथ ले जाने की कोशिश की, लेकिन सूटकेस का हैंडल टूट गया। तब राकेश ने सूटकेस बाथरुम में ही छोड़ दिया और फर्श से खून साफ करने लगा। फिर घर बाहर से बंद करके देर रात राकेश अपनी होंडा सिटी कार से पुणे भाग गया।

माता-पिता से अनबन के कारण दोनों एक महीने पहले मुंबई से बेंगलुरु शिफ्ट हुए थे। इसके बाद गौरी ने राकेश को नए शहर लाने से नौकरी न मिलने का जिम्मेदार ठहराना शुरू कर दिया था। राकेश बेंगलुरु की एक टेक फर्म में काम करता था, जबकि गौरी नौकरी ढूंढ रही थी।

### पड़ोसी को बताया- गौरी ने आत्महत्या की

राकेश मुंबई जाकर अपने माता-पिता से मिलना चाहता था। शहर से बाहर निकलने से पहले उसने अपना फोन बंद कर दिया। पुणे के रास्ते में उसने फोन चालू किया और गौरी के भाई को बताया कि उसने गौरी को मार दिया है। इस पर गौरी के भाई ने महाराष्ट्र पुलिस को सूचना दी। उन्होंने बेंगलुरु पुलिस से बात करके राकेश के घर जाकर पता करने को कहा। इस बीच राकेश ने बिल्डिंग के दूसरे किराएदार प्रभु सिंह को फोन करके पत्नी के फांसी लगाने की जानकारी दी।

राकेश ने प्रभु से मकान मालिक और पुलिस को सूचित करने को कहा। जब पुलिस मौके पर पहुंची तो उन्हें बाथरूम में सूटकेस में गौरी की लाश मिली।

### फिनाइल पीकर आत्महत्या की कोशिश

राकेश को पुणे में 27 मार्च की शाम को गिरफ्तार कर लिया गया था। वह बार-बार अपनी पत्नी के पास जाने की बात कह रहा था। पुलिस के अनुसार वह मानसिक रूप से परेशान होने का नाटक कर रहा था। लेकिन वह बिल्कुल ठीक है और सहानुभूति पाने की कोशिश कर रहा है।

राकेश ने पुलिस को बताया कि उसने गौरी को मारने के बाद खुद भी आत्महत्या करने की कोशिश की थी। उसने फिनाइल और कॉकरोच मारने की दवा पी थी। बेचैनी महसूस होने पर उसने एक बाइक सवार को पूरी बात बताई तो वह उसने राकेश को अस्पताल पहुंचाया था।

## मस्क ने X को अपनी ही कंपनी xAI को बेचा:2.82 लाख करोड़ में हुई डील, 2022 में 3.76 लाख करोड़ में खरीदा था



24 न्यूज अपडेट

इलॉन मस्क ने अपनी सोशल मीडिया कंपनी X को अपनी ही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) कंपनी xAI को 33 बिलियन डॉलर यानी, करीब 2.82 लाख करोड़ रुपए में बेच दिया है। यह एक ऑल-स्टॉक डील है, जिसका मतलब है कि इसमें नकदी की बजाय शेयरों का लेन-देन हुआ है।

मस्क ने X पर एक पोस्ट में कहा- xAI और X का भविष्य आपस में जुड़ा हुआ है। आज, हम आधिकारिक रूप से डेटा, मॉडल, कंप्यूटिंग, वितरण और प्रतिभा को एक साथ लाने की दिशा में कदम बढ़ा रहे हैं। यह xAI की बेहतर AI क्षमता और विशेषज्ञता को X की बड़ी पहुंच के साथ मिलाकर अपार संभावनाओं को खोलेगा।

### X और xAI के मिलने से क्या होगा, यूजर्स को क्या मिलेगा?

xAI की एडवांस्ड AI टेक्नोलॉजी को X के बड़े यूजर बेस (60 करोड़ से ज्यादा सक्रिय यूजर्स) के साथ जोड़ने के लिए मस्क ने ऐसा किया है। X के डेटा का इस्तेमाल करके xAI अपने AI मॉडल्स (जैसे Grok चैटबॉट) को ज्यादा आसानी से ट्रेन कर सकेगा। X के यूजर्स को बेहतर, AI पावर्ड एक्सपीरियंस मिल सकता है।

मस्क का दावा है कि यह कॉम्बिनेशन “ह्यूमन प्रोग्रेस को तेज करेगा” और उनके कोर मिशन “सत्य की खोज और ज्ञान को आगे बढ़ाने” को मजबूत करेगा।

रियल-टाइम में बेहतर कंटेंट रिकमेंडेशन, फेक न्यूज को पकड़ना या यूजर्स के सवालों का जवाब ज्यादा फास्ट देना।

## अडाणी ग्रीन एनर्जी की सब्सिडियरी का सोलर-पावर प्रोजेक्ट शुरू



24 न्यूज अपडेट

अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (AGEL) की पूर्ण स्वामित्व वाली सब्सिडियरी कंपनी अडाणी रिन्यूएबल एनर्जी फिफ्टी सेवन लिमिटेड ने गुजरात के खावड़ा में 37.5 मेगावाट के सोलर पावर प्रोजेक्ट को शुरू कर दिया है। इस बात की जानकारी अडाणी ग्रीन एनर्जी ने 29 मार्च को रेगुलेटरी फाइलिंग में दी है।

अडाणी ग्रीन एनर्जी ने कहा कि लेटेस्ट डेवलपमेंट के बाद कंपनी की टोटल रिन्यूएबल एनर्जी कैपेसिटी बढ़कर 13,737.8 मेगावाट हो गई है। एक दिन पहले AGEL ने अपनी सब्सिडियरी कंपनी अडाणी रिन्यूएबल एनर्जी होल्डिंग ट्वेल्व लिमिटेड के जरिए राजस्थान में 400 मेगावाट का एक सोलर एनर्जी प्रोजेक्ट हासिल किया है।

### उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन ने कंपनी को यह प्रोजेक्ट दिया

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (UPPCL) ने कंपनी को यह प्रोजेक्ट दिया है। कंपनी इस प्रोजेक्ट से राज्य को 2.57 रुपए प्रति किलोवाट-घंटे (kWh) की दर से 25 सालों तक बिजली की सप्लाई करेगी।

## टॉप-10 कंपनियों में 8 की वैल्यू 88 हजार करोड़ बढ़ी




24 न्यूज अपडेट

मार्केट वैल्यूएशन के लिहाज से देश की 10 सबसे बड़ी कंपनियों में से 8 की मार्केट वैल्यू बीते हफ्ते के कारोबार में 88,086 करोड़ रुपए बढ़ गई है। इस दौरान प्राइवेट सेक्टर बैंक HDFC टॉप गेनर रहा। बैंक का मार्केट कैप 44,934 करोड़ बढ़कर 13.99 लाख रुपए पर पहुंच गया है।

HDFC के अलावा, SBIकी वैल्यू 16,600 करोड़ बढ़कर 6.89 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गई है। वहीं, TCS की वैल्यू 9,063 करोड़ रुपए, ICICI बैंक की 5,140 करोड़ और ITC की वैल्यू 5,033 करोड़ रुपए बढ़ी है।

### रिलायंस की वैल्यू 9,136 करोड़ गिरी

पिछले हफ्ते इंफोसिसिस और रिलायंस की वैल्यूएशन में गिरावट रही। रिलायंस की वैल्यू 9,136 करोड़ गिरकर 6.52 लाख करोड़ पर आ गई है। वही, देश की सबसे बड़ी कंपनी रिलायंस का मार्केट कैप 1,962 करोड़ रुपए बढ़कर 17.25 लाख करोड़ रुपए पर आ गया है।

## संपादकीय : आतंक का सिलसिला

जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के खात्मे के लिए देश और इसके समूचे तंत्र की कितनी ऊर्जा लगी है, यह सभी जानते हैं। विडंबना यह है कि दशकों पहले से जारी इस समस्या से पार पाने के लिए सरकारों ने दावे तो बहुत किए, वक्त के साथ नए उपाय भी किए गए, लेकिन आज भी वहां जिस स्तर की आतंकवादी गतिविधियां चल रही दिखती है, वह देश के सामने एक बड़ी चुनौती है। गौरतलब है कि हाल ही में सुरक्षा बलों को यह खबर मिली थी कि पाकिस्तान से संचालित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के कुछ सदस्य घुसपैठ कर कठुआ के जंगलों में छिप गए हैं। उन्हीं आतंकवादियों की तलाश में जम्मू-कश्मीर की पुलिस की अगुवाई में अभियान चलाया जा रहा था। इस बीच गुरुवार की सुबह पुलिस बल ने आतंकियों के एक समूह को घेर लिया। इसके बाद हुई मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने तीन आतंकियों को मार गिराया लेकिन इस क्रम में तीन पुलिसकर्मी भी शहीद हो गए और सेना के दो जवानों सहित सात अन्य घायल हो गए। इसमें कोई दोराय नहीं कि जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा बल और कहां की पुलिस ने आतंकियों से मोर्चा लेने के मामले में हमेशा ही सजगता बरती है और इसमें उन्हें काफी हद तक कामयाबी मिली है। मगर यह भी कड़वी हकीकत है कि आज भी वहां आतंकवादी संगठन इस रूप में अपनी मौजूदगी बनाए हुए हैं कि वे सुरक्षा बलों के शिविरों पर हमला कर देते हैं और कई बार उनकी जान भी चली जाती है। सुरक्षा बलों या किसी पुलिसकर्मी की शहादत की घटना दरअसल यह विचार करने की जरूरत को रेखांकित करती है कि आतंकियों से निपटने की रणनीति में क्या किसी बदलाव की जरूरत है ! क्या इस समस्या की तहों में जाना अब भी बाकी है ? जम्मू-कश्मीर में इतने लंबे समय तक प्रकारांतर से केंद्र सरकार का शासन रहा, सुरक्षा बलों की ओर से हर स्तर पर सावधानी और सख्ती बरती गई, अक्सर मुठभेड़ों में आतंकियों को मार गिराने में कामयाबी मिली, उसके बावजूद यह समझना मुश्किल है कि आज भी आतंकियों के हौसले में कमी क्यों नहीं आ पा रही है। क्या यह उनके आतंकी तंत्र के मजबूत संजाल और सीमापार से परोक्ष सहयोग के बूते हो रहा है या फिर कहीं किसी स्तर पर उनके पांव को राज्य से उखाड़ने के प्रति और ज्यादा सख्ती और गंभीरता की जरूरत है ? जम्मू-कश्मीर में राष्ट्रपति शासन खत्म होने के बाद जब लोकतांत्रिक तरीके से चुनी हुई सरकार ने काम करना शुरू किया था, तब उससे उपजी एक उम्मीद यह भी थी कि अब वहां नए सिरे से आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई शुरू होगी। मगर अब भी वहां सरकार के कामकाज का कोई ऐसा ठोस असर सामने नहीं आया है, जिससे आतंकियों के हौसले पस्त हों। वरना क्या वजह है कि हर स्तर पर निगरानी या चौकसी के बावजूद आए दिन आतंकी संगठन सुरक्षा बलों पर हमले कर देते हैं और उसमें कई जवान शहीद हो जाते हैं। केंद्र सरकार यह दावा जरूर करती है कि पिछले जम्मू- -कश्मीर में आतंकवाद में कमी आई है, मगर अक्सर सीमा पार से आतंकियों की घुसपैठ, उनसे सुरक्षा बलों की मुठभेड़, कुछ आतंकियों के मारे जाने के साथ-साथ सेना या पुलिस के जवानों की शहादत से यही लगता है कि वहां इस समस्या की जड़ें कायम हैं और शांति फिलहाल दूर की कौड़ी है। बल्कि पिछले कुछ वर्षों में आतंकियों के लक्षित हमलों में प्रवासी मजदूरों के मारे जाने की घटनाओं ने हालात के और जटिल होने को रेखांकित किया है।

## आपदा के बाद

थाईलैंड और म्यांमा में शुक्रवार को आए भूकम्प और उससे हुई तबाही ने एक बार फिर दुनिया के सामने इस चुनौती से निपटने के लिए व्यापक स्तर पर ठोस उपाय करने की जरूरत को रेखांकित किया है। म्यांमा में रिक्टर स्केल पर इस भूकम्प की तीव्रता 7.7 मापी गई। अमेरिकी जियोलाजिकल सर्वे के मुताबिक म्यांमा में पहले झटके के बारह मिनट के बाद दूसरा झटका आया, जिसकी तीव्रता 6.4 थी। खबरों के मुताबिक, इस भूकम्प से भारी तबाही हुई है और हजारों लोगों के मरने की आशंका है। वहीं थाईलैंड की राजधानी बैंकाक में भी कई इलाकों से इमारतों के गिरने, सड़कों में दरारें आने और पुल के धराशायी होने सहित बड़े पैमाने पर नुकसान होने की खबरें आईं। बताया जा रहा है कि बीते एक दशक के दौरान यह पहली बार है जब बैंकाक में इतना तेज भूकम्प महसूस किया गया। हालांकि थाईलैंड को भूकम्प के लिहाज से ज्यादा संवेदनशील नहीं माना जाता है, शायद इसीलिए वहां भवनों को बनाने के क्रम में भूकम्परोधी तकनीक का इस्तेमाल करना बहुत जरूरी नहीं माना जाता। मगर चूँकि थाईलैंड के पड़ोस में स्थित म्यांमा में अधिक भूकम्प आते हैं, इसलिए उसके असर से इस बार नुकसान का दायरा ज्यादा होने की आशंका है। दरअसल, इस स्तर के भूकम्प के तुरंत बाद उससे हुई क्षति का आकलन नहीं हो पाता है, लेकिन बाद में आमतौर पर तबाही का दायरा बड़ा दर्ज किया जाता है। यही वजह है कि म्यांमा के बड़े हिस्से में आपातकाल का एलान कर दिया गया। इस तरह की किसी भी प्राकृतिक आपदा की स्थिति में स्वाभाविक ही सबसे पहली जरूरत प्रभावित इलाकों में तुरंत पीड़ितों के लिए हर जरूरी चीजों की सहायता पहुंचाना होती है। इसी के मद्देनजर भारत ने बिना देर किए तवाही पर चिंता जाहिर करते हुए मदद की पेशकश की। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर संभव सहायता देने और अधिकारियों को तैयार रहने को कहा। पिछले कुछ दशकों से कुदरती । आपदाओं के स्वरूप में तेजी से बदलाव आता दिख रहा है। भारत में भी आए दिन भूकम्प के झटके किसी बड़ी आशंका के संकेत हो सकते हैं। प्राकृतिक आपदा को रोका नहीं जा सकता, लेकिन उससे बचाव के पुख्ता इंतजाम करके उससे होने वाले नुकसान को कम जरूर किया जा सकता है।

# कांग्रेस संगठन में निष्क्रिय सदस्यों को हटाने का निर्णयः शंकर लाल गायरी



**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर.– प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार उदयपुर देहात जिला कांग्रेस कमेटी के अंतर्गत गोगुंदा विधानसभा क्षेत्र में संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में गोगुंदा विधानसभा के प्रभारी शंकरलाल गायरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि ब्लॉक एवं मंडल कांग्रेस कमेटी में कार्यकारिणी सदस्यों को नियमित बैठक में भाग लेना अनिवार्य होगा। तीन बार अनुपस्थित रहने वाले पदाधिकारियों को पद से हटा दिया जाएगा। गोगुंदा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ए और बी द्वारा आयोजित इस संयुक्त बैठक में गायरी ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंदसिंह डोटासरा के निर्देशानुसार संगठन में केवल सक्रिय और संघर्षशील कार्यकर्ताओं को महत्व दिया जाएगा। ब्लॉक एवं मंडल कमेटियों को प्रत्येक माह कार्यकारिणी की बैठक करना अनिवार्य होगा और बूथ स्तर पर 11 सदस्यीय कमेटी गठित कर उसकी भी मासिक बैठक करनी होगी।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संघर्ष की आवश्यकता

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव लालसिंह झाला ने कहा कि वर्तमान में प्रदेश में कांग्रेस सरकार न होने के कारण यह समय संघर्ष का है। जो कार्यकर्ता जनता के हित में कार्य करेगा, वही संगठन की रीढ़ की हड्डी साबित होगा। कांग्रेस पार्टी केवल समर्पित कार्यकर्ताओं को ही आगे बढ़ाने का कार्य करेगी।

देहात जिला कांग्रेस अध्यक्ष कचरू लाल चौधरी ने कहा कि राहुल गांधी जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष कर रहे हैं। ऐसे में सभी कार्यकर्ताओं का कर्तव्य है कि वे पार्टी को मजबूती प्रदान करें। उन्होंने कहा कि उदयपुर जिले के सभी ब्लॉकों में संगठनात्मक बैठकें हो चुकी हैं और आगे मंडल स्तर पर बैठकें आयोजित की जाएंगी।

### भाजपा सरकार की नीतियों पर निशाना

पूर्व मंत्री डॉ. मांगीलाल गरासिया ने भाजपा सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार द्वारा पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को बंद किए जाने से जनता परेशान है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत करने और सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

### बैठक में वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति

बैठक का संचालन योगेश पालीवाल ने किया। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गोगुंदा के अध्यक्ष रामसिंह चदाणा, बी ब्लॉक अध्यक्ष गुलाबसिंह राव, जिला परिषद सदस्य कामिनी गुर्जर, प्रदेश युवा कांग्रेस महासचिव युवराजसिंह बाघेला, पूर्व प्रधान तुलसी मेघवाल, देहात जिला कांग्रेस सचिव मन्नालाल गमेती, हिरसिंह मादरेचा, ओबीसी ब्लॉक अध्यक्ष भेरूलाल सुथार, जनजाति ब्लॉक अध्यक्ष भंवरलाल भील, सेवादल ब्लॉक अध्यक्ष योगेश पालीवाल, युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव अशरफ शेख, जिला महासचिव जयराजसिंह राणावत समेत कई वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# ग्रो ग्रीन के संकल्प को साधने हुई विशेष कार्यशाला विद्यार्थियों, कलाकारों और प्रबुद्धजनों ने जताया जल व पर्यावरण संरक्षण का संकल्प



**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर, 29 मार्च। राजस्थान के ख्यातनाम पर्यावरण वैज्ञानिक और सेवानिवृत्त सहायक वन संरक्षक डॉ. सतीश कुमार शर्मा ने कहा है कि पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारी सिर्फ वन विभाग या सरकार की नहीं है, यह तो एक समन्वित प्रयास है और इसकी शुरुआत हमें अपने-अपने घरों से करनी चाहिए। हर एक व्यक्ति अपने जन्मदिन, शादी, विवाह वर्षगांठ, अपने परिजनों के जन्मदिन आदि पर एक-एक पौधा लगाते हुए अपने जीवनकाल में कम से कम पांच पेड़ों को बड़ा करने का संकल्प लें तो हम प्रकृति के दिए योगदान से उऋण हो सकते हैं। डॉ. शर्मा कला-संस्कृति व पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में प्रतिबद्ध कश्ती फाउंडेशन, सेंडिस ट्रेवल टेल्स और होटल रेडिसन के तत्वावधान में 'ग्रो ग्रीन इनिशियेटिव' पर आयोजित कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने ग्लोबल वार्मिंग के कारणों और इससे पैदा हो रही समस्याओं के बारे में बताया और कहा कि शहरों में हाई राईज बिल्डिंग्स के रूप में हमने अपने चारों तरफ की गर्म हवा को निकलने के रास्तों में अवरोध पैदा कर दिए है वहीं पेड़ों की कटाई के माध्यम से ग्रीन कवर को कम किया है जिसके दुष्परिणाम इस फरवरी माह में बसंत ऋतु में लू के अहसास के रूप में प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने बढ़ते औद्योगिकरण से भूमण्डलीय तापमान की वृद्धि को प्रकृति की चेतावनी के रूप में लेने और इसके लिए अभी से प्रयास करने की आवश्यकता जताई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कश्ती फाउंडेशन प्रमुख श्रद्धा मुर्डिया ने ग्लोबलवार्मिंग और पर्यावरण प्रदूषण की स्थितियों को मानव जाति के भविष्य के लिए हानिकारक बताया और भावी पीढ़ी को मानव जीवन के अस्तित्व के लिए चुनौती के रूप में लेने की बात कही। उन्होंने विद्यार्थियों के माध्यम से इस विषय में जनजागरूकता फैलाने की आवश्यकता प्रतिपादित की और कश्ती फाउंडेशन के माध्यम से प्रत्येक तीन माह में एक बार पर्यावरण संरक्षण पर जागरूकता कार्यशाला आयोजित करने की सहमति जताई। बतौर विशिष्ट अतिथि होटल रेडिसन के उपाध्यक्ष अंकुश कठवाल ने पावर प्वाइंट प्रजेन्टेशन के माध्यम से कहा कि संस्थान द्वारा 'ग्रो ग्रीन इनिशियेटिव के माध्यम से 'पॉलिथीन और प्लास्टिक फ्री' वातावरण तैयार करने का कार्य किया जा रहा है। दैनन्दिन उपयोग में इको फ्रेंडली उत्पादों का उपयोग में लिया जा रहा है। उन्होंने हर व्यक्ति को अपने आसपास के खाली इलाके में पेड़ लगाने और विद्यार्थियों के माध्यम से घर-घर तक इस विषय में जागरूकता पैदा करने की आवश्यकता जताई। कार्यक्रम के मॉडरेटर एवं पुलिस मुख्यालय में अतिरिक्त निदेशक डॉ. कमलेश शर्मा ने नेकी के कार्य खामोशी के साथ करने की पेड़ों की अनूठी विशेषता को उद्घाटित किया और इससे प्रेरित होकर संरक्षण गतिविधियों को अंजाम देने की बात कही। उन्होंने वर्ष 2024 को अब तक का सबसे गर्म वर्ष बताया और कहा कि पिछले वर्ष का औसत तापमान पिछले 123 वर्षों के औसत तापमान से 0.65 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। इस अवसर पर फाउंडेशन की तरफ से राउमावि गुपड़ी और राउमावि धार के बच्चों के लिए साउंड सिस्टम भेंट किया गया वहीं अतिथियों व विद्यार्थियों को स्मृति चिह्न प्रदान किए गए। कार्यक्रम दौरान सुनील लड्ढा, रजत मेघनानी, हेमंत जोशी, संदीप राठौड़, नित्या सिंघल, राहुल माली, कुणाल मेहता, विनय दवे, प्रेरणा नौसालिया, चित्रसेन, आरोही मुर्डिया, प्रियंका कोठारी, सुरभि गांधी, प्रधानाचार्य कमल जोशी, अर्पित त्रिपाठी, आरजे यामिनी शर्मा, आरजे रिया, रिचा पटेल सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद थे। कार्यक्रम करा संचालन आरजे निवी ने किया जबकि आभार प्रदर्शन की रस्म सेंडी ट्रेवल टेल्स के संदीप राठौड़ ने अदा की।

# उत्कृष्ट नर्सिंग सेवाओं के नर्सिंग अधीक्षक ललित कंसारा, अन्नपूर्णा गोस्वामी व श्यामा कुर्डिया का स्वागत एवं अभिनंदन




**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर। राजस्थान नर्सिंग एसोसिएशन उदयपुर के जिला अध्यक्ष पवन कुमार दानाध्यक्ष एवं प्रवीण चरपोटा के नेतृत्व में एमबी हॉस्पिटल के नर्सिंग अधीक्षक ललित कंसारा एवं सीनियर नर्सिंग ऑफिसर अन्नपूर्णा गोस्वामी व श्यामा कुर्डिया का उत्कृष्ट नर्सिंग सेवाओं एवं व्यवहार के लिए माला पहनाकर,शोल ओढ़ाकर, श्रीफल , प्रशंसा पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत व अभिनंदन किया। सम्भागीय अध्यक्ष नरेश पूर्बिया ने बताया कि मुख्य अतिथि नर्सिंग अधीक्षक ओमप्रकाश पालीवाल, द्रौपदी मेघवाल शारदा गरासिया,अमीन खान , श्री देवी एम एवं जितेंद्र भटनागर थे। विशिष्ट अतिथि कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष हेमंत आमेटा, संरक्षक रमेश मीणा,संभागीय अध्यक्ष नरेश पूर्बिया थे। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष परमार ने किया। सभी अतिथियों ने तीनों साथियों के कार्यों की खूब प्रशंसा की।कार्यक्रम में महेंद्र सिंह सारंगदेवत ,नारायण सिंह राठौड़, लक्ष्मी नारायण चौहान,राजेश,शर्मिला माली, सूरज जैन, पंकज जैन, विश्वेश्वर त्रिवेदी, लक्ष्मी लाल सालवी, गुलाब सेन , सूरजमल सालवी, डॉ सुमोल एब्राहिम, डॉ विपिन मेहता, प्रमोद भाटी, हरिश चौबीसा, ललित, प्रेम प्रकाश मेहता, सूर्य प्रकाश चौहान, सुनीता शर्मा, मंगला जोशी अरुण कुमावत रेखा कुमावत जिंसी सेबेस्टिन, लीलावती, राजेंद्र जोशी, रमेश पंजाबी ,ओमप्रकाश गंगवाल गणेश लाल डांगी, सुजा जॉर्ज, कविता मीणा ओम कुर्डिया, चंद्र प्रकाश,दिनेश एवं जगदीश सिसोदिया,सी पी वेद, पुष्कर वीरवार, ओम प्रकाश खंडेलवाल, मंजू वैष्णव, पुष्पामालवारी, सुनीता खंडेलवाल,मोहनलाल सालवी, प्रवीण सुथार, रमिला रोत, सोनी कटरा , शारदा माली, उर्मिला मीणा, कीर्ति राठौर, अर्चना भाटी,पुष्पा भाटी, राजकुमारी सोनी ,जसवंत ,सूर्यकांत मीणा ,मर्सी फेथ , बिंदु चित्तौड़ा सहित कई सीनियर नर्सिंग ऑफिसर उपस्थित थे । धन्यवाद नरेश पूर्बिया ने दिया।

# उदयपुर डांस फेस्टिवल 27 अप्रैल को, पोस्टर विमोचन, विविध नृत्य शैलियों का मंचन




**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर। अंतर्राष्ट्रीय नृत्य दिवस के उपलक्ष्य में कथक आश्रम उदयपुर और बडाला क्लासेस के संयुक्त तत्वावधान में तीसरा उदयपुर डांस फेस्टिवल (यूडीएफ) 27 अप्रैल को झीलों की नगरी उदयपुर में आयोजित होगा। इस आयोजन की जानकारी देने के लिए अशोका ग्रीन में एक पत्रकार वार्ता आयोजित की गई, जिसमें यूडीएफ सीजन-3 के आकर्षक पोस्टर का विमोचन किया गया। डांस वर्कशॉप से मिलेगा प्रशिक्षण यूडीएफ के संयोजक मुकेश माधवानी ने बताया कि फेस्टिवल से पहले चार निःशुल्क वर्कशॉप आयोजित की जाएंगी, जिनमें डांस के हुनरबाज विभिन्न आयु वर्ग के प्रतिभागियों को अलग-अलग डांस फॉर्म सिखाएंगे। फेस्टिवल संयोजिका डॉ. चंद्रकला चौधरी ने बताया कि उदयपुर डांस फेस्टिवल की शुरुआत अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस के उपलक्ष्य में की गई थी और यह तीसरा संस्करण होगा। उन्होंने बताया कि इससे पहले दो सफल संस्करण आयोजित किए जा चुके हैं।

**वर्कशॉप कार्यक्रमः**

30 मार्चः विनोद शर्मा - लिरिकल डांस

6 अप्रैलः अरविंद सिंह - हिप-हॉप डांस

13 अप्रैलः आकाश वैष्णव, अभिषेक शर्मा - पॉप एनिमेशन डांस

20 अप्रैलः राजीव बामना - अर्बन पंजाबी डांस

इन वर्कशॉप का आयोजन शोभागपुरा 100 फीट रोड स्थित मधुश्री बैंक्विट हॉल में किया जाएगा और ये सभी निःशुल्क होंगी।

# करमा बाई जाट महिला संस्था का प्रथम राष्ट्रीय अधिवेशन 30 को

**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर। करमा बाई जाट महिला संस्था का प्रथम राष्ट्रीय अधिवेशन 30 मार्च को द रमाड़ा एनकोर होटल मीरा नगर में आयोजित होगा। संस्था की जिला अध्यक्ष कमला चौधरी ने बताया कि कार्यक्रम संस्था अध्यक्ष श्रीमती अलका चौधरी, प्रदेश संयोजक श्रीमती रजनी गावड़िया और संस्था संरक्षक डॉ. राजश्री चौधरी का सानिध्य प्राप्त होगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में आदिवासी महिलाओं द्वारा संस्था वेबसाइट का बटन दबाकर लॉन्चिंग की जाएगी। इसके साथ ही पदाधिकारियों के हाथों नवीन सदस्यों का नियुक्ति पत्र वितरण होगा। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता श्रीमती सरिता भूकर ढाका रहेंगी। अधिवेशन में हरियाणा, पंजाब और राजस्थान से करीब 50 जिलाध्यक्ष शामिल होंगे, जिनके साथ आगामी कार्यों पर मंथन, प्रोजेक्ट चयन, जिलावार चर्चा, डॉक्यूमेंट्री और परिचर्चा के साथ सांस्कृति कार्यक्रम होंगे।

# राजसमंद में मधुमक्खियों का आतंकः खेत में काम कर रहे 12 लोग घायल, दो की हालत नाजुक



**24 न्यूज अपडेट**

राजसमंदः जिले के सेलागुड़ा गांव में शुक्रवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब खेत में काम कर रहे किसानों पर मधुमक्खियों ने अचानक हमला कर दिया। इस हमले में 12 से अधिक लोग घायल हो गए, जिनमें दो की हालत गंभीर बताई जा रही है।

### खेत में गेहूं काटते समय हुआ हमला

घटना सुबह करीब 10:30 बजे सनकार सागर तालाब के पास हुई, जब किसान गेहूं की फसल काटने में व्यस्त थे। अचानक मधुमक्खियों के झुंड ने खेत में काम कर रहे किसानों पर हमला कर दिया। महिला-पुरुषों समेत 12 से अधिक लोग मधुमक्खियों के डंक से बुरी तरह घायल हो गए।

### 108 एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया

घायलों को तुरंत 108 एंबुलेंस और निजी वाहनों की मदद से आमेट अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज जारी है। गंभीर रूप से घायल दो लोगों को आरके हॉस्पिटल रेफर किया गया है।

**पशुओं पर भी हमला**

इस दौरान दो बैल भी मधुमक्खियों के हमले का शिकार हो गए, जिनकी हालत भी गंभीर बनी हुई है।

**घायलों की सूचीः**

विनोद (20) पुत्र चतरलाल

नरेंद्र (32) पुत्र चतरलाल

दीपा (6) पुत्री नरेंद्र

रामलाल (50) पुत्र छोगालाल

भेरूसिंह (55) पुत्र खेमा सिंह

सोहन (50) पुत्र खेमराज (गंभीर)

मंजू (30) पिता नरेंद्र (गंभीर)

**पहले भी हो चुके हैं ऐसे हमले**

यह पहली बार नहीं है जब मधुमक्खियों ने लोगों पर हमला किया हो। कुछ दिन पहले ही खाखरमाला पंचायत क्षेत्र में भी मधुमक्खियों के हमले में करीब दो दर्जन लोग घायल हुए थे।

# अप्रैल सेशन के एडमिट कार्ड जारी, बोर्ड से टकरा रही एग्जाम डेट तो ये करें - JEE MAIN 2025




24 न्यूज अपडेट

कोटा : देश की सबसे बड़ी इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जॉइंट एंट्रेंस एग्जाम मेन (JEE MAIN 2025) के अप्रैल सेशन की परीक्षाएं 2 अप्रैल से शुरू होने वाली हैं. इनके लिए पहले से शेड्यूल नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने जारी कर दिया था. साथ ही परीक्षा शहर की जानकारी देने के लिए कैंडिडेट्स को एग्जामिनेशन सिटी इंफॉर्मेशन स्लिप भी जारी कर दी गई थी. एनटीए परीक्षा में सुरक्षा और सतर्कता बढ़ाते हुए टुकड़ों में एडमिट कार्ड जारी करता है. इसी क्रम में 2 से 4 अप्रैल के शेड्यूल के एडमिट कार्ड जारी कर दिए गए हैं, जिन्हें कैंडिडेट आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर डाउनलोड कर सकते हैं.

एजुकेशन एक्सपर्ट देव शर्मा ने बताया कि कैंडिडेट अपने एडमिट कार्ड को डाउनलोड करने के बाद यह सुनिश्चित कर लें कि क्यूआर और बारकोड है या नहीं. ऑनलाइन आवेदन के दौरान दी गई जानकारी और फोटो ही एडमिट कार्ड में है. परीक्षा को लेकर दिए गए दिशा निर्देश भी उन्हें ठीक से पढ़ने चाहिए. पहले से जारी किए गए शेड्यूल के अनुसार बैचलर ऑफ इंजीनियरिंग (BE) और बैचलर ऑफ टेक्नोलॉजी (BTech) की परीक्षा परीक्षा 5 दिन में 9 शिफ्ट में आयोजित होगी.

इसके अनुसार 2, 3, 4 और 7 अप्रैल को परीक्षा दो शिफ्ट में सुबह और दोपहर में होगी, जबकि 8 अप्रैल को केवल एक शिफ्ट दोपहर में परीक्षा आयोजित होगी. दूसरी तरफ बैचलर ऑफ आर्किटेक्ट (BArch) और बैचलर ऑफ प्लानिंग (B Pllaing) की परीक्षा 9 अप्रैल को महज एक शिफ्ट सुबह में आयोजित होगी. सुबह की शिफ्ट में 9 से 12 तक एग्जाम होगा. वहीं, दोपहर की शिफ्ट में 3 से 6 बजे तक परीक्षा होगी, जबकि बीआर्क और बी प्लानिंग की परीक्षा सुबह 9 से दोपहर 12:30 तक होगी.

बोर्ड व जेईई की परीक्षा टकरा रही तो यह करें : एजुकेशन एक्सपर्ट देव शर्मा ने बताया कि एनटीए ने पहले लॉट के एडमिट कार्ड जारी किए दिए हैं. दूसरी तरफ सीबीएसई व अन्य बोर्ड की परीक्षाएं भी चल रही हैं. ऐसे में कुछ बोर्ड और जेईई मेन की परीक्षा तिथियां आपस में टकरा रही हैं. इसके संबंध में नेशनल टेस्टिंग एजेंसी को भी लगातार कैंडिडेट्स की तरफ से गुहार लगाई जा रही थी, जिसके बाद एनटीए अलग से नोटिफिकेशन जारी किया है. इसमें कैंडिडेट्स से कहा है कि वह अपने एग्जामिनेशन सिटी इनफॉरमेशन स्लिप या एडमिट कार्ड के साथ संबंधित परीक्षा का एडमिट कार्ड एनटीए को मेल करें. इसके बाद उनके जेईई मेन एग्जाम के स्लॉट में बदलाव कर दिया जाएगा.

# लोकसभा में उठा एयरलाइंस के किराए का मुद्दाः सांसद रोत बोले- यात्रियों से मनमानी वसूली हो रही, नियमों में बदलाव जरूरी



24 न्यूज अपडेट

नई दिल्ली, 27 मार्च 2025: लोकसभा में सांसद राजकुमार रोत ने एयरलाइंस द्वारा मनमाने तरीके से वसूले जा रहे किराए के मुद्दे को उठाते हुए सरकार से जवाब मांगा। उन्होंने कहा कि एक ही फ्लाइट में एक ही गंतव्य के लिए अलग-अलग यात्रियों से अलग-अलग किराया क्यों वसूला जाता है? यह व्यवस्था यात्रियों के साथ अन्याय है और सरकार को इसे नियंत्रित करना चाहिए।

सवालः एक ही फ्लाइट के लिए अलग-अलग किराया क्यों? सांसद रोत ने प्रश्नकाल के दौरान नागर विमानन मंत्री श्री किंजरापु राममोहन नायडू से सवाल किया कि यदि किसी यात्री को एक ही फ्लाइट में यात्रा करनी है, तो अलग-अलग समय पर बुकिंग करने पर किराए में इतना अंतर क्यों आता है? उन्होंने कहा कि कभी 10,000 रुपए, कभी 12,000 तो कभी 15,000 रुपए तक का किराया दिखाया जाता है, जिससे यात्रियों को भारी नुकसान होता है।

## सांसद ने उठाया कानून में बदलाव का सवाल

उन्होंने इस प्रणाली को "एक प्रकार की लूट" करार दिया और सवाल किया कि जब देश में अंग्रेजों के बनाए गए कई कानून बदले जा रहे हैं, तो विमानन नियम 1937 के तहत एयरलाइंस को दी गई यह स्वतंत्रता क्यों बरकरार है? उन्होंने सरकार से इस नियम में बदलाव कर यात्रियों के हित में कदम उठाने की मांग की।

## सरकार का जवाबः 'उड़ान' योजना का हवाला

नागर विमानन मंत्री श्री नायडू ने जवाब देते हुए कहा कि सरकार 'उड़े देश का आम नागरिक (उड़ान)' योजना के तहत सस्ती हवाई सेवाओं के लिए प्रयासरत है और इस योजना का उद्देश्य छोटे शहरों को एयरलाइंस नेटवर्क से जोड़ना है। अब तक 2.97 लाख से अधिक उड़ानें संचालित हुई हैं और 149 लाख से अधिक यात्री इससे लाभान्वित हुए हैं। मंत्री ने स्पष्ट किया कि सरकार भारतीय या विदेशी एयरलाइंस के किराए को नियंत्रित नहीं करती। किराया सीजन, त्यौहार, प्रतिस्पर्धा, विमान ईंधन की लागत और अन्य कारकों पर निर्भर करता है। उन्होंने कहा कि एयरलाइंस डायनामिक प्राइसिंग सिस्टम पर काम करती हैं, जिसमें मांग और आपूर्ति के आधार पर टिकट की कीमत तय होती है।

## एयरलाइंस पर नियंत्रण की जरूरत

सांसद रोत ने सरकार से मांग की कि यदि वह वास्तव में जनता के हित में काम कर रही है, तो उसे एयरलाइंस पर नियंत्रण रखना चाहिए ताकि आम नागरिकों को भी किफायती हवाई यात्रा की सुविधा मिल सके। उन्होंने कहा कि कई राज्यों ने विमान ईंधन पर लगने वाले कर (वेट) को कम किया है, जबकि कुछ राज्य अब भी ऊंचे कर वसूल रहे हैं, जिससे हवाई किराया महंगा हो रहा है।

## यात्रियों की चिंता बनी हुई

हालांकि सरकार ने हवाई यात्रा को सस्ता बनाने के लिए 'उड़ान' योजना का हवाला दिया, लेकिन यात्रियों का कहना है कि किराए में भारी असमानता के कारण वे कई बार महंगे टिकट खरीदने के लिए मजबूर हो जाते हैं। सवाल यह है कि क्या सरकार वाकई में इस समस्या का समाधान निकालने के लिए तैयार है, या फिर एयरलाइंस को पूरी छूट जारी रहेगी?

# बारात जुलूसों में डीजे वैन पर लगाया पूर्ण प्रतिबंध, बड़ा सवाल-क्या लागू हो पाएगा??




24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, उदयपुर। ध्वनि प्रदूषण अधिनियम के तहत हाईकोर्ट एवं नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल द्वारा जारी आदेशों की अनुपालना सुनिश्चित करने एवं विभिन्न होटलों एवं प्रतिष्ठानों को इस संबंध में जागरूक करने के उद्देश्य से शनिवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में जिला कलेक्टर नमित मेहता की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। बैठक के दौरान क्षेत्रीय अधिकारी द्वारा ध्वनि प्रदूषण की रोकथाम हेतु न्यायालय एवं एनजीटी के आदेशों की जानकारी दी गई। इसमें बताया गया कि बारातों में डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है। लेकिन यह सवाल उठ खड़ा हुआ है कि क्या वास्तव में ऐसा हो पाएगा। फिलहाल तो बारात के अलावा कई जलसों में डीजे काम में लिया जा रहा है। उन पर प्रशासन कोई कार्रवाई करने की हिम्मत नहीं दिखा पाया है तो क्या आगे ऐसा कर पाएगा यह बड़ा सवाल है। बैठक में कलेक्टर मेहता ने ध्वनि प्रदूषण अधिनियम के तहत सख्त निर्देश देते हुए कि रात्रि 10 बजे के बाद किसी भी ध्वनि यंत्र का उपयोग प्रतिबंधित रहेगा। जिला स्तर पर एक समिति का गठन किया जा चुका है, जो शहर में औचक निरीक्षण करेगी एवं नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही करेगी। साथ ही, समय-समय पर पारित आदेशों की अनुपालना सुनिश्चित करने के लिए एक मानक संचालन प्रक्रिया जिला स्तर पर जारी की जाएगी, जिससे दिन और रात दोनों समय ध्वनि प्रदूषण अधिनियम का प्रभावी रूप से पालन हो सके। इस समिति में एसडीएम, पुलिस अधिकारी एवं राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी शामिल होंगे। बैठक में निर्णय लिया गया कि राष्ट्रीय हरित अधिकरण के निर्देशों के अनुसार बारात जुलूसों में चलने वाले डीजे वैन पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा, क्योंकि ये ध्वनि प्रदूषण के प्रमुख स्रोत हैं। परिवहन विभाग इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही करेगा। जिला कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी थाना प्रभारी एवं पुलिस सर्किल इंस्पेक्टर ध्वनि प्रदूषण के स्रोतों पर कड़ी निगरानी रखें एवं शोर प्रदूषण नियमों के उल्लंघन पर त्वरित कार्रवाई करें। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा ने कहा कि पुलिस ऐसे मामलों को गंभीरता से लेगी एवं ऐसी शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाएगी। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

**होटल एवं आवासीय कॉलोनियों पर विशेष ध्यान-** बैठक के दौरान एक होटल प्रतिनिधि द्वारा उठाए गए प्रश्न के उत्तर में कलेक्टर मेहता ने स्पष्ट किया कि केवल होटलों ही नहीं, बल्कि आवासीय कॉलोनियों पर भी निगरानी रखी जाएगी, ताकि ध्वनि प्रदूषण नियमों का पूर्ण रूप से पालन सुनिश्चित किया जा सके। बैठक में नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश, एडीएम शहर वार सिंह , गिर्वा एसडीएम सोनिका कुमारी, आरएसपीसीबी क्षेत्रीय अधिकारी शरद सक्सेना तथा विभिन्न होटलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# राजस्थान दिवस महोत्सवः मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने युवाओं को दी रोजगार की सौगात, 7800 से अधिक को नियुक्ति पत्र




24 न्यूज अपडेट

कोटा। राजस्थान दिवस महोत्सव के तहत आयोजित मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव एवं युवा सम्मेलन में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने युवाओं को बड़ी सौगात दी। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेशभर के 7800 से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे और 'मुख्यमंत्री शिक्षित राजस्थान अभियान' का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में राज्य सरकार की युवा नीति, कौशल नीति, और निजी क्षेत्र में रोजगार के लिए 10 हजार रुपये की सहायता योजना के दिशा-निर्देश भी जारी किए गए। इस कार्यक्रम में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भी शिरकत की और कहा कि राजस्थान दिवस केवल उत्सव नहीं, बल्कि विकसित राजस्थान के निर्माण का संकल्प है। उन्होंने सरकार की नीतियों की सराहना करते हुए कहा कि स्किल पॉलिसी, युवा रोजगार प्रोत्साहन योजना और युवा नीति 2025 युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए मील का पत्थर साबित होंगी।

## राज्य सरकार युवाओं के रोजगार और विकास के लिए प्रतिबद्ध – मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि सरकार युवाओं को रोजगार, कौशल विकास और उद्यमिता के अवसर उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। सरकार का लक्ष्य है कि सरकारी और निजी क्षेत्र में 10 लाख रोजगार के अवसर सृजित किए जाएं। इसके लिए जिला स्तर पर रोजगार मेले और कैम्पस प्लेसमेंट का आयोजन किया जा रहा है, ताकि युवाओं को उनकी योग्यता के अनुसार अवसर मिल सकें।

## मुख्यमंत्री शिक्षित राजस्थान अभियान से मिलेगी राष्ट्रीय शिक्षा नीति को गति

मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 लागू की गई है, जो शिक्षा और रोजगार क्षेत्र में बड़ा बदलाव लाएगी। इसी नीति के अनुरूप राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा में नए बी.टेक और एम.टेक कोर्स शुरू किए गए हैं, जो उद्योगों की आवश्यकताओं को पूरा करेंगे।

## बजट में युवाओं के लिए ढेरों घोषणाएं

मुख्यमंत्री ने बताया कि वन विभाग में 1750 पद, 4 हजार पटवारी और 10 हजार स्कूल शिक्षकों की भर्ती सहित कुल सवा लाख पदों पर भर्तियां दी जाएंगी। उन्होंने कहा, "67 हजार से अधिक पदों पर नियुक्तियां हो चुकी हैं और 96 हजार से अधिक पदों के लिए विज्ञापन जारी किए जा चुके हैं। पहली बार 53 हजार से अधिक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की भर्ती प्रक्रिया भी शुरू की गई है।"

## लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरलाः राजस्थान का नया युग शुरू

कार्यक्रम में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने राजस्थान सरकार की युवा नीति और रोजगार नीतियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि कोटा में बनने वाला स्किल इंस्टीट्यूट आधुनिक शिक्षा और अनुसंधान का केंद्र बनेगा। उन्होंने कहा, "एयरपोर्ट, एयरो सिटी, स्पोर्ट्स सिटी, एजुकेशन सिटी और मेडिकल टूरिज्म हब के निर्माण से कोटा में औद्योगिक और शैक्षिक क्रांति का नया दौर शुरू होगा।" ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हीरालाल नागर ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भारतीय नववर्ष पर राजस्थान दिवस मनाने की नई परंपरा शुरू की है। उन्होंने कहा कि पेपर लीक जैसी घटनाओं से युवाओं को ठगा गया था, लेकिन नई सरकार पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया सुनिश्चित कर रही है।

**उपस्थित गणमान्य-** इस अवसर पर सहकारिता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक, विधायक संदीप शर्मा, कल्पना देवी, ललित मीणा, कुलदीप धनखड़, प्रमुख शासन सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य गायत्री राठौड़, शासन सचिव कार्मिक के. के. पाठक सहित बड़ी संख्या में युवा और आमजन उपस्थित थे।

# राजस्थान दिवस पर मैराथन में दिखाया उत्साह



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट उदयपुर। राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद के निर्देशानुसार जिला प्रशासन एवं क्षेत्रीय खेलकूद प्रशिक्षण केन्द्र के तत्वाधान में शनिवार को सुबह 6.30 बजे काले किवाडा (स्वरूप सागर) से देवाली छोर (टाया रिर्सोट) तक राजस्थान दिवस पर मैराथन का आयोजन किया गया। जिला खेल अधिकारी डॉ. महेश पालीवाल ने बताया कि इस अवसर पर सयुक्त निदेशक पुनित शर्मा, जिला समन्वय डॉ देवीलाल गर्ग, जिला खेल अधिकारी डॉ. महेश पालीवाल ने मैराथन को हरी झण्डी दिखाकर प्रारम्भ की। मैराथन में शहर के लगभग 600 धावकों ने भाग लिया। साथ ही प्रथम, द्वितीय तृतीय धावको को मुमेन्टो, उपरना पहनाकर सम्मानित किया गया। उक्त आयोजन में पहेर यूनिवरसिटी, सेन्ट एन्थोनि स्कुल, जनजाति बालक/बालिका छात्रावास, राजकीय विद्यालय देवाली के धावको ने भी भाग लिया। राजस्थान दिवस में पुनित शर्मा द्वारा धावको को शपथ दिलवायी गयी। साथ ही तनिष्क पटना अन्र्तराष्ट्रीय कायकिंग खिलाडी तथा अतिथियो को स्वागत नरतपसिंह चुण्डावत द्वारा किया गया। मुख्य परियोजना अधिकारी महावीर प्रसाद शर्मा ने धावको को सम्बोधित किया । उक्त आयोजन में उदयपुर विकास प्राधिकरण, नगर निगम, जिला प्रसाशन उदयपुर को सहयोग रहा। सम्पूर्ण कार्यक्रम की व्यवस्था राधेश्याम सुथार ने की। परिषद के शकील हुसैन, कनिष्का चौहान हॉकी प्रशिक्षक, श्रीमती सुनिता भण्डारी, सोहिल मेहता बैडमिन्टन प्रशिक्षक, अजीत कुमार जैन, वालीबॉल प्रशिक्षक, शूरवीर सिंह डोडिया कनिष्ठ सहायक एवं अल्पकालीन प्रशिक्षक रीना पुरोहित, योगा प्रशिक्षक, गगन व्यास, तैराकी, प्रवीण सिंह, अरविन्द कुमार, एथलेटिक प्रशिक्षक उषा आचरज एवं अदिती रंकावत, बास्केटबाल प्रशिक्षक, नेहा कोदली, नन्दनी गुर्जर वालीबॉल, भावना राठौड जूडो, धापु लौहार, भारोत्तलन, आकाक्षा कानावत शुटिंग प्रशिक्षक, शालीनि नरूका, बाक्सिंग प्रशिक्षकतनिष्क पटवा, कायकिंग, खेमराज गमेती, लॉन टेनिस प्रशिक्षक, शाहरूख खान, क्रिकेट प्रशिक्षक, चाहत जैन जूडो प्रशिक्षक, लाडूराम, भृगुराज सिंह, तीरन्दाजी प्रशिक्षक आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. देवीलाल गर्ग द्वारा किया गया।

# आईपीएल मैच पर ऑनलाईन सट्टा खिलाते दो आरोपी गिरफ्तार, सात करोड रूपये का हिसाब मिला, 16 मोबाईल, एक लेपटोप, स्केनर मशीन, सात रजिस्ट्रर, चैक बुक व 4 एटीएम कार्ड जब्त



24 न्यूज अपडेट

जयपुर, 29 मार्च। चित्तौड़गढ़ जिले की कपासन थाना व साइबर थाना पुलिस ने सटोरियों के खिलाफ संयुक्त कार्रवाई करते हुए आईपीएल क्रिकेट मैच पर ऑनलाईन सट्टा खिलाने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 16 एन्ड्रायड मोबाईल फोन, एक लेपटोप, एक क्यूआर कोड स्केनर मशीन, सात रजिस्ट्रर, चैक बुक व 4 एटीएम कार्ड जब्त किये गए है। जब्त रजिस्टर में करीब सात करोड रूपये सट्टे का हिसाब मिला हैं।

एसपी सुधीर जोशी ने बताया कि साइबर अपराधो पर नियत्रंण एवं ऑनलाइन सट्टा खिलाने वालों के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही करने के क्रम में एएसपी चित्तौड़गढ़ सरिता सिंह व डीएसपी कपासन हरजी लाल यादव के सुपर विजन में रेल्वे स्टेशन कपासन के पास ऋषि बारेगामा उर्फ कालु पुत्र संतोष के घर पर दबिश दी गई। जहां ऋषि और उसका साथी शौकिन जाट पुत्र बालूराम (21) निवासी जाशमा थाना भूपालसागर आईपीएल क्रिकेट मैच पर सट्टेबाजी का कार्य कर रहे थे।

दोनों आरोपियो ने कपासन निवासी मास्टरमाइंड बालमुकुन्द ईनाणी, जीवन वैष्णव व इकबाल टोपी की मास्टर आईडी से क्लांईट आईडी व पासवर्ड बना रखे है। balaji01bb, bmwexch.com व b2c.bet बैटिंग वेबसाइट पर ग्राहको को आईडी पासवर्ड दे रखी है। अपनी क्लाइंट आईडी से मोबाईल में ऐप पर द्वारा दोनों लाईव मैचों मे सट्टा खिलाते हुये मिलें।

पुलिस ने मौके से सट्टेबाजी में प्रयुक्त उपकरण 16 एन्ड्रायड मोबाईल, एक लेपटोप, एक क्यू आर कोड स्कैनर मशीन, सात रजिस्ट्रर, 03 चैक बुक, 04 एटीएम कार्ड जब्त कर दोनो को गिरफ्तार कर लिया। सात रजिस्ट्ररो को चैक किया तो उनके द्वारा 7 करोड रूपये का सट्टे का हिसाब मिला है।

इस कार्रवाई में एसएचओ रतन सिंह सहित कांस्टेबल सुशील, कैलाश, बलराम, नीरज, रीन्कू, राजेन्द्र एवं साइबर थाने के हैड कांस्टेबल ललीता, रामनिवास, महेन्द्र व स्वाती शामिल थे। खुलासे में साइबर थाने के कांस्टेबल रामनिवास व महेन्द्र की विशेष भूमिका रही।

# 17 वर्षों बाद उदयपुर में होगा राष्ट्रसंत जैनाचार्य पुलकसागर महाराज का भव्य चातुर्मास

## 6 जुलाई होगा ऐतिहासिक भव्य मंगल प्रवेश



24 न्यूज़ अपडेट

उदयपुर, 29 मार्च । वर्ष 2008 के बाद एक बार पुनः लेकसिटी उदयपुर को एक बड़ा संत सानिध्य मिलने वाला है, राष्ट्रसंत जैनाचार्य पुलक सागर महाराज का वर्ष 2025 का भव्य चातुर्मास उदयपुर में सम्पन्न होने जा रहा है । अखिल भारतीय पुलक जन चेतना मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद फांदोत ने बताया कि 6 जुलाई को भव्य मंगल प्रवेश उदयपुर में होगा । आचार्यश्री ने 2008 में उदयपुर में चातुर्मास किया था, उसके बाद 2015 में हीरामन टावर में पंचकल्याणक प्रतिष्ठा में सानिध्य प्राप्त हुआ था उसके 10 वर्षों बाद आचार्यश्री का सानिध्य पुनः उदयपुर को मिलने वाला है । सम्पूर्ण चातुर्मास सकल जैन समाज, दिगम्बर जैन मन्दिर, सर्वऋतुविलास एवं अखिल भारतीय पुलक जन चेतना मंच के तत्वावधान में होगा ।

### चातुर्मास में यह रहेगी कार्यक्रम श्रृंखला

विनोद फांदोत ने बताया कि 6 जुलाई को आचार्यश्री का भव्य ऐतिहासिक मंगल प्रवेश उदयपुर में होगा, 12 जुलाई को गुरु गुणगान महोत्सव के साथ 13 जुलाई को चातुर्मास की मंगल कलश स्थापना का आयोजन होगा । चातुर्मास श्रृंखला में पहला कार्यक्रम ज्ञान गंगा महोत्सव 27 जुलाई से 15 अगस्त तक आयोजित होगा । ज्ञान गंगा महोत्सव के अंतर्गत 31 जुलाई को मोक्ष सप्तमी, 9 अगस्त को रक्षाबंधन एवं 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस पर विशेष आयोजन होंगे । आचार्यश्री के सानिध्य में पर्वराज पर्यूषण महामहोत्सव 28 अगस्त से 6 सितंबर तक आयोजित होगा । तपस्वियों का महापारणा 7 सितंबर को आयोजित होगा, वही 14 सितंबर को सकल जैन समाज का क्षमावाणी पर्व का भव्य आयोजन होगा । पर्यूषण महापर्व के पश्चात आगामी दिनों में कई और भव्य कार्यक्रमों की श्रृंखला रहेगी, जिसे समय समय पर अवगत करवाया जाएगा ।

# भीलवाड़ा में ज्वेलरी शॉप से 60 लाख की चोरी, CCTV में कैद हुई वारदात



24 न्यूज़ अपडेट

भीलवाड़ा। राजस्थान के भीलवाड़ा में बदमाशों ने एक ज्वेलरी शॉप से 45 किलो चांदी, 150 ग्राम सोने के गहने और 70 हजार रुपये नकद समेत करीब 60 लाख रुपये का माल चुरा लिया। चोरी की यह वारदात शनिवार तड़के करीब 3 बजे की है, जब तीन बदमाश मारुति वैन से दुकान के बाहर पहुंचे। करेड़ा इलाके में स्थित आनंद ज्वेलर्स के मालिक मुकेश रांका के अनुसार, बदमाशों ने पहले दुकान की रेकी की और फिर गैस कटर से शटर काट दिया। इसके बाद, उनमें से एक बदमाश दुकान में घुसा और वहां से चांदी और सोने के गहने अपने साथियों को बाहर देता रहा। गैस कटर की आवाज से पड़ोस में रहने वाले दुकानदार विकास लोहार की नींद खुल गई। जब उन्होंने बाहर आकर देखा तो दुकान के ठीक सामने मारुति वैन खड़ी थी। विकास को देख चोरों ने जल्दी-जल्दी सामान समेटा और वैन में बैठकर मौके से फरार हो गए।

### CCTV फुटेज में कैद हुई पूरी वारदात

घटना की पूरी वारदात दुकान के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। फुटेज में तीन बदमाश साफ दिखाई दे रहे हैं, जिन्होंने पहले दुकान का शटर काटा और फिर अंदर घुसकर माल निकाला। चोरी में इस्तेमाल हुई मारुति वैन भी कैमरे में कैद हो गई है।

### सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची

चोरी की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी पूरण मीणा मौके पर पहुंचे। उन्होंने FSL टीम को बुलाकर सबूत इकट्ठा किए। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि चोरों ने शटर को इतना ही काटा था कि एक व्यक्ति आसानी से अंदर घुस सके। मुकेश रांका ने बताया कि तड़के 3 बजे उनके पास फोन आया, जिसमें बताया गया कि दुकान में चोरी हो गई है। वह तुरंत अपने भाई गौतम रांका

# बीजेपी नेता की हत्या की साजिशः बेटे-बेटी ने रची साजिश, प्रेमी ने दी सुपारी



24 न्यूज़ अपडेट

डूंगरपुर. पारिवारिक विवाद के चलते डूंगरपुर में बीजेपी नेता की हत्या की साजिश उनके ही बेटे और बेटी ने रची थी। बेटी के प्रेमी ने दो लाख रुपये में हत्या की सुपारी दी थी। हालांकि, हमले के दौरान बीजेपी नेता किसी तरह बच निकले। पुलिस ने इस षड्यंत्र का पर्दाफाश करते हुए बेटे, बेटी, बेटी के प्रेमी समेत छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

जानलेवा हमला, मगर बच निकले बीजेपी नेता

एसपी मोनिका सेन ने बताया कि 22 मार्च को पूंजपुर मंडल अध्यक्ष रामजी पटेल (44) निवासी गणेशपुर पर जानलेवा हमला किया गया था। वे अपने साथी राजेंद्र पटेल के साथ कार से देवला से गणेशपुर लौट रहे थे। रतनपुरा देवला मोड़ पर बिना नंबर की बोलेरो ने उनकी गाड़ी को ओवरटेक कर रोका। इसके बाद 4-5 हमलावर लाठी और तलवार लेकर आए और उन पर हमला कर दिया। किसी तरह भागकर रामजी ने जान बचाई।

### पुलिस जांच में बेटे-बेटी पर शक

थानाधिकारी तेजकरण सिंह चारण के अनुसार, जांच के दौरान पुलिस को सबसे पहले शक रामजी के बेटे हितेश पाटीदार और बेटी अंजली पाटीदार पर हुआ। अंजली की संदिग्ध गतिविधियों के चलते सख्ती से पूछताछ की गई, जिसमें उसने पूरी साजिश कबूल कर ली।

### प्रेमी ने दी थी हत्या की सुपारी

अंजली ने अपने प्रेमी शिवम उर्फ जयदीप पाटीदार (20) निवासी दामडी को पिता को रास्ते से हटाने के लिए कहा। शिवम ने अपने दोस्त निखिल जोशी (35) निवासी दामडी को इस साजिश में शामिल किया। निखिल ने आगे 108 एंबुलेंस के ड्राइवर शैलेश सुरात मीणा (25) निवासी भिंडा को हत्या की सुपारी के रूप में 2 लाख रुपये दिए। साजिश के तहत की थी 7-8 घंटे रेकी शैलेश और उसके साथियों ने बोलेरो और स्कूटी से रामजी की 7-8 घंटे तक रेकी की। मौका मिलते ही बदमाशों ने कार को रोककर हमला कर दिया। हमलावर नकदी, मोबाइल और कार की चाबी लेकर फरार हो गए।

### वारदात के बाद भी थी हत्या की कोशिश

वारदात के बाद जब रामजी की जान बच गई, तो अंजली ने प्रेमी शिवम से चैट कर "बच कैसे गया?" जैसी बातें लिखीं। उसने प्रेमी से कहा कि काम अधूरा रह गया, जिस पर शिवम ने जल्द ही इसे पूरा करने का आश्वासन दिया।

### गिरफ्तार आरोपी

पुलिस ने हितेश, अंजली, शिवम, निखिल, शैलेश और सचिन रामलाल बलात (निवासी मझोला) को गिरफ्तार कर लिया है। मामले की जांच जारी है।

# उदयपुर में अगले साल हो सकता है इंडो-स्पेनिश सांस्कृतिक कार्यक्रम - स्पेनिश राजदूत ने शहर का भ्रमण कर जताई ये मंशा



24 न्यूज़ अपडेट

उदयपुरः विगत कुछ समय से कई बड़े राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रमों की मेजबानी और डेस्टिनेशन वेडिंग के लिए चर्चित पर्यटन नगरी उदयपुर के ताज में अगले वर्ष एक और अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम रूपी नगीना जुड़ सकता है. भारत में स्पेन गणराज्य के दूतावास ने 2026 में उदयपुर में इंडो–स्पेनिश सांस्कृतिक फ्यूजन कार्यक्रम आयोजित करने का विचार किया है. इस बारे में चर्चा के लिए भारत में स्पेन गणराज्य के राजदूत जुआल एंटोनियो मार्च पूजोल ने जिला कलेक्टर नमित मेहता से कलेक्ट्रेट में भेंट कर चर्चा की.

कलेक्टर नमित मेहता ने बताया कि तीन दिवसीय उदयपुर दौरे पर आए पुजोल ने स्पेनिश दूतावास की मंशा से अवगत कराया और भारत व स्पेन के मध्य सांस्कृतिक संबंध प्रगाढ़ करने वाले इस आयोजन के बारे में बताया. वे शहर के पर्यटक स्थलों के भ्रमण पर निकले. उन्होंने गणगौर घाट, फतहसागर आदि रमणीय स्थलों का भ्रमण किया और शहर की सुंदरता की खुले दिल से तारीफ की. इस दौरान पर्यटन उपनिदेशक शिखा सक्सेना उनके साथ मौजूद रहीं.

स्पेन के राजदूत को फतहसागर झील की पाल इवेंट के लिए सबसे ज्यादा पसंद आई. कार्यक्रमों को शहर के किसी बड़े पांच सितारा होटल में कराया जाएगा. इसके लिए भी लोकेशन देखी जा रही है. उन्होंने बताया कि इससे उदयपुर के हेरिटेज को स्पेनिश जान सकेंगे और पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा मिलेगा. इस आयोजन से भारतीय और स्पेन की कला का आदान-प्रदान भी होगा. उदयपुर को कॉन्फ्रेंस डेस्टिनेशन के साथ इंटरनेशनल इवेंट डेस्टिनेशन के रूप में नई पहचान मिलेगी.

उदयपुर शहर जहां एक और अपनी सुंदरता और अपने शौर्य के लिए दुनिया भर में प्रसिद्ध है. जिला पिछले साल कई अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रमों का साक्षी बना. पिछले साल जहां उदयपुर में जी-20 की बैठक रखी गई थी. हाल ही में देशभर के जल संसाधन मंत्रियों की बैठक हुई थी. वहीं महिलाओं को लेकर भी दो दिवसीय बैठक का आयोजन किया गया था. वहीं देशभर के विधानसभा अध्यक्षों की बैठक भी उदयपुर में हो चुकी है. देश दुनिया की कई अलग-अलग मैगजीन ने उदयपुर को विशेष स्थान के साथ नवाजा है.

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी खूबसूरती के लिए ख्याति प्राप्त उदयपुर को लोग झीलों की नगरी, पूर्व का वेनिस, राजस्थान का कश्मीर ऐसे अनेक नामों से पुकारते हैं. देशी-विदेशी सैलानी लेकसिटी उदयपुर का रुख कर रखे हैं. अपने नैसर्गिक सौंदर्य और राजपूताना शान-बान के लिए प्रसिद्ध झीलों की नगरी अब बॉलीवुड सेलब्स का पसंदीदा टूरिस्ट प्लेस भी बन गया है. हर साल बड़ी संख्या में लोग प्री-वेडिंग शूट और शाही शादी के लिए उदयपुर पहुंचते हैं.



# उदयपुर-सलूम्बर सीमा पर 75 लाख की अवैध शराब जब्त, आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई



24 न्यूज़ अपडेट

सलूम्बर जिले की सीमा पर स्थित रेबारियों की ढाणी क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए 75 लाख रुपये की अवैध शराब जब्त की। टीम ने 895 कार्टन शराब बरामद कर नियमानुसार अभियोग दर्ज किया है।

### मुखबिर की सूचना पर की गई दबिश

अतिरिक्त आबकारी आयुक्त प्रदीप सिंह सांगावत के अनुसार, आबकारी निरीक्षक वृत डूंगरपुर राहुल शर्मा को मुखबिर से सूचना मिली थी कि रेबारियों की ढाणी में एक सूने मकान में अवैध रूप से शराब का भंडारण किया गया है। इस सूचना के आधार पर आबकारी निरोधक दल ने दबिश दी, जिसमें 895 कार्टन में भरी भारत निर्मित विदेशी शराब बरामद हुई।

### कई राज्यों की सेल के लिए थी शराब

बरामद शराब में शामिल प्रमुख ब्रांड्सः

नाईट क्वीन डीलक्स व्हिस्की (180 एमएल) – 22,752 पव्वे (प्लास्टिक पैक)

नाईट क्वीन डीलक्स व्हिस्की (180 एमएल) – 18,432 पव्वे (सेल फॉर गोवा)

रॉयल चैलेंज व्हिस्की (750 एमएल) – 348 बोतल (सेल फॉर पंजाब)

रॉयल चैलेंज व्हिस्की (180 एमएल) – 288 पव्वे (सेल फॉर पंजाब)

ऑल सीजन व्हिस्की (180 एमएल) – 96 पव्वे (सेल फॉर हरियाणा)

कुल 41,568 पव्वे और 348 बोतल 750 एमएल विदेशी शराब जब्त की गई।

### अधिकारियों ने की कार्रवाई की सराहना

इस बड़ी कार्रवाई में आबकारी निरीक्षक राहुल शर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आबकारी आयुक्त शिवप्रसाद नकाते ने उनके प्रयासों की सराहना की। इस अभियान में उपायुक्त आबकारी निरोधक दल वृत उदयपुर प्रद्युम्न सिंह चुण्डावत, आबकारी निरीक्षक जितेन्द्र सिंह, चंदन सिंह, प्रहराधिकारी अनिल कुमार एवं ईपीएफ जाब्ता शामिल रहा। आबकारी विभाग ने नियमानुसार अभियोग दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# सांसद मेवाड़ ने उठाई डेगाना में यातायात समस्या के समाधान हेतु जर्जर रेलवे क्वार्टर्स एवं दीवार को हटाने की मांग



24 न्यूज़ अपडेट

राजसमंद / डेगाना / नई दिल्ली। सांसद श्रीमती महिमा कुमारी मेवाड़ ने लोकसभा में नियम 377 के तहत अपने संसदीय क्षेत्र राजसमंद के अंतर्गत आने वाले डेगाना शहर में नागौर-मेड़ता रोड पर स्थित रेलवे स्टेशन के बाहर मौजूद जीर्ण-शीर्ण रेलवे क्वाटर्स एवं दीवार को हटाने की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि कुछ रेलवे क्वाटर्स एवं दीवारें नागौर-मेड़ता सड़क सीमा में स्थित होने के कारण सड़क की चौड़ाई प्रभावित हो रही है। हालांकि, रेलवे क्वाटर्स एवं दीवार के आगे मुख्य सड़क की चौड़ाई 86 फीट है, लेकिन अवरोध के कारण इस क्षेत्र में यातायात व्यवस्था चरमरा रही है, जिससे आमजन को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। इस गंभीर समस्या को ध्यान में रखते हुए, माननीय सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने सरकार से इन जीर्ण-शीर्ण रेलवे क्वाटर्स एवं दीवार को हटाने तथा रेलवे विभाग को उपयुक्त स्थान पर भूमि आवंटित करने की मांग की, जिससे इस क्षेत्र में यातायात व्यवस्था सुचारू हो सके और नागरिकों को राहत मिल सके। उन्होंने सरकार से जल्द से जल्द इस विषय पर ठोस कार्रवाई करने का अनुरोध किया है।

# भगवा पताका से सजा कानोड़ नववर्ष पर शोभायात्रा व धर्म सभा आज



24 न्यूज़ अपडेट

रिपोर्ट - राहुल पाटीदार

कानोड़ । नगर पालिका क्षेत्र कानोड नगर को हिन्दू नव वर्ष के लिए प्रत्येक घर पर बंदरवार व भगवा पताका से सजाया गया । हिन्दू संगठनों से जुडे युवा स्त्री-पुरुष, बुजुर्ग सभी में आयोजन को लेकर जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। नगर में टोलियां बनाकर समस्त परिवार को आयोजन के लिए निमन्त्रण दिया जा रहा है । हिन्दू नववर्ष आयोजन समिति के सदस्य बताते है कि यह सदी हिन्दुत्व की सदी है इसलिए सामाजिक समरसता के साथ हिन्दू समाज को जगाना है । नगर के आसपास के क्षेत्र में भी कानोड नगर के कार्यकर्ता घर-घर जाकर कार्यक्रम में आने का न्योता दे रहे है ।

### वाहन रैली व संत प्रवचन होगा

हिन्दू नववर्ष आयोजन समिति के अध्यक्ष मनोज भणावत ने बताया कि नववर्ष की सुबह प्रातःकाल 8.30 बजे माधव सागर गार्डन में वाहनों का एकत्रीकरण होगा जहां से वाहन रैली शुरू होगी, रैली में महापुरुषों की झाकियों मुख्य आकर्षण रहेगी ,नगर के विद्यालय इस आयोजन में विशेष रूप से भाग लेकर सुन्दर झांकियों की प्रदर्शनी करेंगे। वाहन रैली नगर के मुख्य मार्ग से गुजरती हुई पुनः माधव सागर गार्डन पहुंचेगी जहां संत ज्ञानानंद जी महाराज का सम्बोधन होगा वही वीर रस के राष्ट्रीय कवि राहुल बजरंगी कविता पाठ करेंगे। भणावत ने बताया कि कार्यक्रम के पश्चात सामाजिक समरसता के साथ समस्त हिन्दू समाज एक साथ भोजन प्रसाद ग्रहण करेगा इस हेतू समस्त परिवार को न्योता दिया जा रहा है ।

# मंदिर में चोरी करते पकड़ा चोर, अंदर पुरूष, बाहर महिलाओं के कपड़े पहन रखे थे

24 न्यूज़ अपडेट

गोगुंदा। अंबामाता मंदिर में चोरी की कोशिश कर रहे एक युवक को ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। चोर ने महिलाओं के कपड़े पहन रखे थे और ऊपर से पुरुषों के कपड़े डाल रखे थे। पुलिस के अनुसार, कालूलाल पुत्र छगनलाल मेहता (निवासी कदमाल, गोगुंदा) ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 26 मार्च की रात 11:30 बजे अंबामाता मंदिर का ताला तोड़कर चांदी के 6-7 छत्र और गुल्लक से लगभग 6-7 हजार रुपये चोरी कर लिए गए।

गांव का ही युवक हितेष पालीवाल बाइक से घर लौट रहा था, जब उसने मंदिर परिसर में 2-3 संदिग्ध लोगों को देखा। उसने तुरंत कालूलाल को फोन कर जानकारी दी। इसके बाद ग्रामीणों ने इकट्ठा होकर मंदिर की ओर रुख किया। ग्रामीणों को आता देख चोर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए।

27 मार्च की रात करीब 12:30 बजे फिर से एक व्यक्ति चोरी के इरादे से मंदिर में घुसा, जिसे ग्रामीणों ने पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम देवीलाल गमेती बताया। पकड़े जाने पर उसने महिलाओं के कपड़े पहन रखे थे और ऊपर पुरुषों के कपड़े थे। जांच में पता चला कि मंदिर की सराय में एक कमरे का ताला तोड़ा गया था और मंदिर के अंदर वेल्डिंग से बंद गल्ले को भी तोड़ा गया। आरोपी ने बताया कि उसके साथ मांगीलाल नामक व्यक्ति भी था, जो मंदिर से चांदी के छत्र लेकर फरार हो गया।

24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।